### 2022 में अफसरों ने कब्जा मुक्त कराई थी साढ़े 22 एकड़ वनभूमि, लगाए थे आठ हजार आठ सौ पौधे

# वनभूमि पर रोपी पौध का सफाया...अब दूसरी तरफ चलाया अभियान

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर वन विभाग की ओर से बुधवार को कई स्थानों पर पौधरोपण अभियान चलाकर पौधे रोपे गए है। अभियान भी चले और लोगों को हरियाली बढ़ाने पर जोर दिया गया लेकिन खुटार वन रेंज जंगलों में हालात ऐसे बने हुए हैं। जहां पेड़ों पर आरी चलाई जा रही है। ऐसे में जंगल बाग में तब्दील होकर रह गए है।

21 और 22 जुलाई, वर्ष 2022 को खुटार वन रेंज की फत्तेहपुर बीट में बरबटपुर जंगल में अवैध कब्जा के चलते पुलिस-प्रशासनिक और वन विभाग के अधिकारियों ने करीब साढ़े 22 एकड़ वन भूमि को कब्जा मुक्त कराया था। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की गई थी। डीएम के आदेश पर तत्कालीन एसडीओ दिलीप श्रीवास्तव, रेंजर डीएस यादव, एसडीएम सुशांत श्रीवास्तव और सीओ पंकज पंत की देखरेख में वनभूमि पर रोपी गई धान की पौध, गन्ना की फसल को ट्रैक्टर से नष्ट करा दिया था। जिसके बाद वन विभाग का कब्जा हो गया था। वहां हजारों रुपये के आठ हजार आठ सौ पौधे लगाए गए थे। लेकिन देख-रेख के अभाव में पौध पूरी तरह सूख कर नष्ट हो गई और मैदान नजर आ रहा है। खुटार वन रेंज छह हजार हेक्टेयर में जंगल का क्षेत्रफल फैला हुआ है।

### हरियाली का यह कैसा दावा...जहां कटान रोजाना

विश्व पर्यावरण दिवस पर वन विभाग की ओर से अभियान चलाकर पौधे रोपे जाते हैं। कई स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन कर पेड़ लगाने के प्रति लोगों को जागरूक करने का काम भी होता है। लेकिन जंगल में कितनी हरियाली बढ़ी है। यह हकीकत मैदान साबित कर रहे है। आलम यह है कि जंगल बाग में सिमट कर रह गए हैं।


बरबटपुर में इसी वन भूमि पर लगाई गई थी आठ हजार आठ सौ पौध जो अब नष्ट हो गई।

### जंगल मैदान में तब्दील, वन्य जीव बाहर आने को मजबूर

खुटार वन रेंज जंगल में लगातार अवैध कटान से मैदान में तब्दील होने लगा है। साथ ही वन संपदा घटती जा रही है। लेकिन वन विभाग दावा कर रहा है कि पहले वर्ष के औसतन से हरियाली बढ़ी है। जबकि कई मामले पकड़े जाने पर केस काटकर जुर्माना वसूला गया है। सरकार विश्व पर्यावरण दिवस और वन महोत्सव के तहत लाखों-करोड़ों रुपये खर्च कर हरियाली बढ़ाने का प्रयास करती है। लेकिन वन विभाग की लचर व्यवस्था से दावों की पोल खोल कर रख दी है। उधर, जंगल में अवैध कटान से वन संपदा घटने के साथ ही रहने वाले वन्य जीवों का निवास छीना जा रहा है। जिससे जंगल से निकलकर खेतों, गांव की तरफ उनका रुख मुड़ा है। जिससे जंगली जानवरों से लोगों को खतरा रहता है।


मैदान में तब्दील हुआ जंगल। ● अमृत विचार



### रेंजर ने रोपे पौधे, किया जागरूक

विश्व पर्यावरण दिवस पर रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने वनकर्मियों के साथ कई स्थानों पर पौधे रोपे हैं और लोगों को पेड़ लगाने के लिए जागरूक किया है। उन्होंने खुटार के वन रेंज कोचरफॉर्म चौकी, मंडनपुर और बिलंदापुर, गंगसरा में स्थित अस्पताल, वनचौकी, जंगल सहित कई स्थानों पर आम, जामुन, आंवला, नीम, मीठा नीम, बैल, शहतूत अमरूद आदि औषधि, फलदार पौधे रोपे गए है। कार्यक्रम के तहत करीब 12 सौ तक पौधे लगाए गए है। इस मौके पर अशोक चतुर्वेदी, संदीप, अशोक वाजपेयी, संतोष गौड़ आदि वनकर्मी भी मौजूद रहे।

### अवैध कटान में लीपापोती कार्रवाई के नाम पर शून्य

खुटार के जंगलों में अवैध कटान का सिलसिला थम नहीं रहा है। वन विभाग कार्रवाई करने की हामी भरता है लेकिन काटन में केस काटकर और कुछ दिन तक सख्ती दिखाकर आरोपियों को पकड़कर जेल भेज दिया जाता है। इसके बाद मामला ठंडा बस्ते में डालकर लीपापोती कर दी जाती है। ऐसे में वनकर्मियों पर सवाल खड़े होने लाजमी है।

बरबटपुर में वन भूमि कब्जा मुक्त करने के बाद पौधरोपण कराया गया था। यदि लगाए गए पेड़ सूख चुके है। तो मामले की जांच कराई जाएगी।- **डॉ. सुशील कुमार, एसडीओ वन विभाग शाहजहांपुर**


पुवायां कोतवाली में पौधरोपण करतीं दरोगा मंजू चौधरी।

# पौध रोपित कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

### विश्व पर्यावरण दिवस: सरकारी और गैर सरकारी इकाइयों, प्रकृति प्रेमियों ने जगह-जगह रोपी पौध

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को विभिन्न शिक्षण संस्थाओं, सामाजिक संगठनों और प्रकृति प्रेमियों ने जगह-जगह पौध रोपित की। इस दौरान सभी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए भविष्य में भी पौधरोपण अभियान चलाकर पृथ्वी को हरा-भरा बनाने की शपथ भी ली।

नगर निगम की ओर से सुबह छह बजे महापौर अर्चना वर्मा, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, मुख्य अभियंता सिविल एसके आंबेडकर ने पार्षदों और नागरिकों के साथ ककरा कलां स्थित जैव विविधता पार्क के मुख्य द्वार से लेकर ई-बस चार्जिंग स्टेशन तक नीम के पौधे रोपे। इस पूरे क्षेत्र को नीम कॉरिडोर के नाम से विकसित किया जा रहा है। इस अवसर पर महापौर और नगर आयुक्त ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने तथा महानगर को शुद्ध ऑक्सीजन की प्राप्ति हो सके, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने नगरवासियों का भी आह्वान किया कि वह कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। इस दौरान उन्होंने पौधों की उचित देखभाल, नियमित पानी देने तथा पौधो की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाए जाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में सहायक अभियंता जलकल प्रेमचंद्र आर्य, सैफ सिद्दीकी, प्रवर्तन दल टीम समेत अन्य कर्मचारी शामिल रहे। वहीं, क्षेत्रीय पार्षदों और नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने आवास विकास बरेली मोड़ स्थित झलकारी बाई एवं संत गाडगे पार्क में भी नीम के पौधे रोपित कर पार्क में श्रमदान कर घास की सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया।


ककरा कलां में पौधे रोपित करते महापौर अर्चना वर्मा और नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा।

### शिक्षा अधिकारियों ने जीआईसी में लगाए पौधे



**शाहजहांपुर।** डीआईओएस हरिवंश कुमार और बीएसए रणवीर सिंह ने राजकीय इंटर कॉलेज में पौध रोपित की। प्रधानाचार्य अनिल कुमार, बेसिक शिक्षा विभाग की स्काउट कमिश्नर निकहत परवीन, जिला गाइड कैप्टन दपिंदर कौर और स्काउट अंकित कुमार आदि ने कालेज परिसर में आम, अनार, बोतल पाम, नीबू आदि प्रजातियों के पौधे रोपित किए।

### फलदार, छायादार और फूलदार पौधों का किया रोपण

**शाहजहांपुर।** नेहरू युवा केंद्र और जिला गंगा समिति के संयुक्त तत्वावधान विकास खंड ददरौल के ग्राम सैजना में युवा मंडल सदस्यों ने पौधरोपण किया। नेतृत्व व जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया और जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे विनय सक्सेना ने किया। इस दौरान अमरूद, अनार, कनेर, नीम, अशोक, डहलिया, जामुन सहित अन्य फलदार, छायादार, फूलदार पौधों का रोपण किया गया। साथ ही लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरुक किया गया। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने दिनोंदिन बढ़ते तापमान को देखते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण करने पर बल दिया। नमामि गंगे के विनय सक्सेना ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। पौध रोपित करने वालों में प्रमुख रूप से विशाल वर्मा, अभिजीत वर्मा, सचिन कुमार, अवनीश कुमार, युवराज सिंह, अमन वर्मा, विपिन वर्मा समेत युवा मंडल के सदस्य शामिल रहे।




### हर एक-एक पौधा जरूर लगाएं

**तिलहर, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर तिलहर पुलिस ने पौधरोपण कर क्षेत्रवासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। नगरिया मोड़ चौकी प्रभारी सुकेंद्र पाल सिंह ने चौकी स्टाफ व ठाकुर अभिषेक सिंह जिलाध्यक्ष भारतीय हिंदू परिषद ने पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया। इस दौरान चौकी प्रभारी ने अपील करते हुए कहा कि हर व्यक्ति एक-एक पौधा जरूर लगाए और उसकी रक्षा भी करना जरूरी है। उन्होंने गर्मी को देखते हुए पशु पक्षियों के लिए दाना एवं पानी का भी बंदोबस्त कर रखा है। इस दौरान कांस्टेबल राहुल यादव, अरविंद कुमार, सनी तोमर आदि लोग उपस्थित रहे।


पौधा रोपित करते चौकी प्रभारी सुकेंद्र पाल सिंह।


डायट में पौधरोपित करने को तैयार डीएलएड प्रशिक्षु। ● अमृत विचार

### डायट में चला एक पौधा-एक प्रशिक्षु कार्यक्रम

**शाहजहांपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ददरौल विश्व पर्यावरण दिवस पर पौध रोपित की गई। एक पौध एक प्रशिक्षु कार्यक्रम का नेतृत्व प्रभारी प्राचार्य/डीआईओएस हरिवंश कुमार एवं वरिष्ठ प्रवक्ता सोनिया गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के तहत डायट प्रवक्ताओं एवं प्रशिक्षुओं संस्थान परिसर में पौध रोपित की। डीएलएड प्रशिक्षण बैच 2022 व 2023 के प्रशिक्षुओं ने टोलियां बनाकर पौधे लगाए। इससे पहले प्रवक्ता अमन कुमार ने पर्यावरणीय संकट पर चर्चा की। प्रवक्ता टीआर गंगवार ने कहा आजकल हो रहे ग्लोबल वार्मिंग के मूल में वृक्षों का कटाव ही है। प्रवक्ता प्रवक्ता बीएल मौर्य, वरुणा उपाध्याय, जमाल अख्तर समेत विकास पटेल, सौरभ वर्मा, अभय सिंह, नैमिष गुप्ता, फूलसिंह, अमरजीत सिंह, चरित्र वर्मा, रचित कुमार, धीरज, अंशिका, गौरी, कामाक्षी, सहीफा, अंजली, आस्था, नीलम, सदफ, रिदा, नेहा,गरीमा, प्रिंसी, आकांक्षा, अर्जुमंद, ऋषिका, अनुष्का, शुभांकी, सलीका खान, सुषमा, स्वाति, कोमल, प्रियांशी, अरुणिमा, रिंकी, संध्या, बिजनेश पाल आदि प्रशिक्षु शामिल रहे।

### चित्रकला प्रतियोगिता कराकर लगाए पौधे



**शाहजहांपुर।** कैंट क्षेत्र स्थित झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में मानवता वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने क्षेत्रीय बच्चों के सहयोग से पौध रोपित की। इससे पहले उनके बीच चित्रकला प्रतियोगिता भी कराई गई, जिसमें सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना स्थान पाने वाले बच्चों को टी शर्ट, कैप, मेडल, किताबें आदि देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर नीरा श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, अंकित, अमन, शगुन, फरिया समेत अन्य सदस्यों और क्षेत्रीय लोगों ने तुलसी, मोरपंखी आदि पौधे रोपित किए।

### पर्यावरण दिवस पर स्वयंसेवकों ने रोपी पौध



**शाहजहांपुर।** पर्यावरण गतिविधि संयोजक डॉ. सुरेंद्र पाली के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने बुधवार को 50 से अधिक पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर वीरेंद्र बिष्ट ने स्वयंसेवकों को मिट्टी के पात्र प्रदान कर इस भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए जल रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महानगर बौद्धिक प्रमुख सुनील कुमार तिवारी, संपर्क प्रमुख रविकांत, ज्ञानेंद्र चौहान, नगर बौद्धिक प्रमुख केशव, राजीव शुक्ल, महेंद्र, प्रचार प्रमुख रमेश चंद्र, धर्म जागरण प्रमुख श्याम पाल, सोमेश समेत बाल स्वयं सेवक भी शामिल रहे।

# एसपी ने पुलिस लाइन में किया पौधरोपण


पौध रोपित करते एसपी अशोक कुमार मीणा। ● अमृत विचार

संवाददाता,शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एसपी अशोक कुमार मीणा ने बुधवार की सुबह पुलिस लाइन में पौधरोपण किया। उन्होंने पुलिस कर्मचारियों से अपील की कि प्रत्येक कर्मचारी एक-एक पौधा रोपे।

पौधरोपण करने के बाद उसकी देखभाल भी जरूरी है। पेड़ शुद्ध हवा देते है। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक थाना में पानी से भरे घड़े रखे जाए तथा पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की जाए। एसपी ने आने वाली पीढ़ियों के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एएसपी सिटी संजय कुमार, एएसपी ग्रामीण मनोज कुमार, सीओ सिटी सौम्या पांडे, सीओ सदर अमित चौरसिया ने एसपी कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया। प्रत्येक थानों में भी पौधरोपण किया गया।


पुवायां में पौध रोपित करते वन विभाग के कर्मी। ● अमृत विचार

**पुवायां।** सिंधौली रेंज के कार्यालय पुवायां के अंतर्गत नवाबपुर गंगा में नहर किनारे पौधरोपण किया गया। इस दौरान रेंजर बीरेश राव, दरोगा डोरी लाल, विपिन कुमार सिंह, श्यामकुमार व ग्राम प्रधान ने कदंब, आंवला आदि पौधे रोपे। खुटार रेंज के गंगसरा वनचौकी पर पर्यावरण दिवस पर रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने वनरक्षक संदीप यादव के साथ पौधरोपण कर संरक्षण का संकल्प लिया। पुवायां कोतवाली में उपनिरीक्षक मंजू चौधरी ने पुलिस कर्मियों के साथ पौध रोप संरक्षण का संकल्प लिया।

### मदरसा नूरुल हुदा में हुईं प्रतियोगिताएं



**शाहजहांपुर।** मदरसा नूरुल हुदा में विभिन्न कार्यक्रम हुए। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक पेड़ लगाने का संदेश दिया। इस अवसर पर हुई गोष्ठी में वक्ताओं ने जन जागरुकता पर जोर दिया और स्वस्थ मानव जीवन के लिए शुद्ध पर्यावरण को जरूरी बताया। बच्चों ने नाटक प्रस्तुत कर वृक्षारोपण, जलसंरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। गोष्ठी में प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन फूल मियां ने शुद्ध पर्यावरण को स्वस्थ मानव जीवन के लिए अधिक से अधिक पौध रोपित किए जाने पर बल दिया। प्रतियोगिताओं के विजेता तमन्ना, कहकशां, अलीजा, उरुस, इकरा, अनवा आदि को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में इजहार हसन, हैदर अली, सबीहा, निजाकत अली का सहयोग रहा।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

PLACEMENT WITH 12-18 LACS CTC IS HABIT HERE
FUTURE
Learn · Assimilate · Transcend
BAREILLY
ADMISSIONS OPEN
B.Tech. • MBA • MCA • B.Pharm. • D.Pharm.
BAMS • BBA • BCA • ANM • GNM • B.Ed. • D.El.Ed
Polytechnic • B.Sc. (Nursing) • Diploma in X-Ray Tech./ OT Tech./ Optometry
Shahjahanpur : Near Kapoor Motors Store, Sadar Bazar Ph.: 9105050225
Lakhimpur : Near YDPG College, Below Gurukul Library Ph.: 9519746040
Gola : Cinema Road, Near Anil Printers Ph.: 8765805042
Jalalabad : Near S.S. mart Bareilly Road, Ph.: 7054100556
Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly
Call: 9105050222 | www.futureinstitutions.org

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
Estd. 2000
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
B.Sc. Nursing | G.N.M.
M.Sc. Nursing | A.N.M.
P.B.B.Sc. Nursing | D.P.T.
College Code: 2430244 | D.R. Optometry
ADMISSION OPEN
D.Pharma | M.Ed.
D.M.L.T. | B.Ed
FREE CLASSES FOR CNET - 2024
Budaun Office: Malgodam Road, Civil Lines, Near Railway Station, Budaun- Mob.: 7906222523, 9837997770
Bisalpur Office: Govt. Degree College Raod, Bisalpur, Pilibhit- Mob.: 9105495531
Pilibhit Office: Kishan Bihar Colony, Near Om Lawn, Pilibhit- Mob.: 9837510267
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Head Office: Gurah Compound, Macnair Road, Behind PNB Bank, Prem Nagar, Bareilly
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

VARDAN GROUP OF INSTITUTIONS VGI BAREILLY
वरदान कॉलेज ऑफ नर्सिंग
ग्राम कैमुआ, आँवला, बदायूं रोड, बरेली, पिन-243402
यू.पी. स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा संबंद्ध
इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आई.एन.सी) दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
हेल्थकेयर क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
VARDAN GROUP OF INSTITUTIONS
संस्थान में संचालित पाठ्यक्रम
जी.एन.एम. | ए.एन.एम. | ओ.टी. टैक्नीशियन
कॉल करें-0581-2510507, 9412193065, 9720282723
नगर कार्यालय
वरदान हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर, ईसाईयों की पुलिया, श्यामगंज, बरेली-243001
ई-मेल : vardancollege1@gmail.com | वेबसाईट : www.vardangroupofinstitution.com

SSVGI
SHRI SIDDHI VINAYAK
GROUP OF INSTITUTIONS
Creating Winners for Life
Enroll Now
ADMISSION OPEN 2024 - 25
B.TECH | M.TECH | MBA
BBA | BCA | B.Com/B.Com(H) | Polytechnic
B.Sc (PCM/ZBC) | B.Sc (Biotech) | B.Sc (Home Sci.)
GNM/ANM | B.PHARMA | D.PHARMA
Paramedical courses
Diploma in Optometry / Emergency & Trauma
X-Ray Tech/ Dialysis/ Physiotherapy / O.T. Technician
7599471144, 7599471145
10th km, Bareilly - Nainital Rd, U.P.


शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई
गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

42.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.14 | सूर्यास्त 07.05

# हत्या या आत्महत्या: गहराया युवती की मौत का राज

## संदिग्ध हालात में तमंचे से कनपटी पर गोली लगने से हुई है मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/निगोही



- पुलिस को किसी ने दी थी गोली मारकर हत्या किए जाने की सूचना
- ब्लेकनिंग से लगाया जाएगा हत्या या आत्महत्या का अंदाजा
- मामले में जनप्रतिनिधि के आने से पुलिस ने साधी चुप्पी

**अमृत विचार:** कटैया उदयपुर में संदिग्ध हालत में गोली लगने से हुई युवती की मौत का राज और गहरा गया है। ब्लेकनिंग और सपाट गोली के निशान से हत्या या आत्महत्या का अंदाजा लगाया जाना था, लेकिन बुधवार को मामले में जनप्रतिनिधि के आ जाने से पुलिस खामोश हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बारे में भी पुलिस कुछ नहीं बता पाई। अब सवाल उठ रहा है कि क्या कभी युवती की मौत की असली वजह से पर्दा उठ पाएगा या मामला राजनीति के दांव-पेंच में उलझ कर रह जाएगा।

निगोही थाना क्षेत्र के गांव कटैया उदयपुर निवासी खेती बाड़ी करने वाले नूर हसन और उनकी पत्नी निशात बी सोमवार को शाहजहांपुर में किसी काम से गए थे। मकान में उनकी बड़ी बेटी सोनी, छोटी बेटी निशा, बहू शवाना और बेटा चांद मियां थे। नूर हसन के अनुसार शाम करीब पांच बजे कमरे में बेटी सोनी ने कनपटी पर तमंचे से गोली मार ली। वह गंभीर रूप से घायल होने के बाद गिर पड़ी। आवाज होने पर बड़ा भाई चांद मियां समेत गांव के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दिए बिना सोनी को लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां से उसे गंभीर हालत में बरेली रेफर कर दिया गया। बरेली ले जाते समय सोनी ने रास्ते में दम तोड़ दिया। मामले में मोड़ तब आया जब किसी ने पुलिस को फोन कर बताया कि एक करीबी रिश्तेदार ने गोली मारकर सोनी की हत्या कर दी है। हत्या की सूचना पर पुलिस तुरंत पहुंची। काफी देर तक खोजबीन करने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार को युवती का पोस्टमार्टम किया गया। सूत्र बताते हैं कि देर शाम पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी बनकर थाने पहुंच गई, लेकिन इसी बीच मामले में एक क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि के आ जाने से मामले में एक बार फिर नया मोड़ आ गया। इस बार पुलिस खामोश हो गई। मंगलवार तक मामले में बोलने वाली पुलिस बुधवार को कुछ नहीं बोली। पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर भी पुलिस ने चुप्पी साध ली। जिसके चलते बुधवार को भी युवती की मौत हत्या या आत्महत्या के बीच झूलती रही। दूसरे दिन भी खुलासा न होने से मौत का राज और गहरा हो गया है। बताया जा रहा है कि केस में राजनीतिक एंगल आने के चलते पुलिस फूंक फूंक कर कदम रख रही है। केस की जांच भी धीमी हो गई है। ऐसे में आशंका है कि शायद अब कुछ दिन और मौत का राज सामने नहीं आएगा।

**ब्लेकनिंग से खुल सकता है राज**

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामला आत्महत्या का है या हत्या का इसका खुलासा पोस्टमार्टम और एक्सरे रिपोर्ट से हो सकता है। क्योंकि अगर कोई खुद को स्वयं गोली मारता है तो वह गन कनपटी पर रखकर गोली चलाता है। ऐसे में गन और शरीर की दूरी मुश्किल से आधा फीट होती है। जिसके चलते गोली लगने के स्थान पर बारूद और कालापन (ब्लेकनिंग) रह जाती है। जबकि अगर कोई दूसरा गोली मारता है तो शरीर और गन की दूसरी कम से कम दो से तीन फीट होती है। ऐसे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एक्सरे से यह राज खुल जाता है कि प्रकरण हत्या का है या आत्महत्या। यही कारण है कि पुलिस ने मंगलवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सच्चाई सामने आने की बात कही थी, लेकिन बुधवार शाम जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई तो पुलिस मामले की जांच जारी होने की बात कहने लगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के विषय में कुछ नहीं बताया।

> प्रकरण की जांच चल रही है। अभी तक पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी हमें नहीं मिली है। पुलिस ने तमंचा सील कर दिया है। – **अशोक कुमार सिंह**, थानाध्यक्ष, निगोही

# कपड़े धोते समय कुएं में गिरकर हुई थी बच्ची की मौत

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी/शाहजहांपुर

- दुष्कर्म की पुष्टि नहीं, कई लोगों से की गई पूछताछ, परिजन घर ले गए थे पैजामी और अंगोछा

**अमृत विचार :** कुएं में डूबकर आठ साल की बच्ची की मौत के मामले में परिवार वालों का आरोप था कि दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या करके कुंए में डाला गया था। दुष्कर्म की पुष्टि के लिए स्लाइड बनाई गई थी। जांच में रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है। लोगों के अनुसार कुएं के किनारे कपड़े धोते समय पैर फिसलने से उसी में गिर गई थी। पुलिस ने कई लोगों से पूछताछ की थी।

सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के एक गांव की आठ वर्षीया बच्ची सोमवार को कुछ बच्चों के साथ गांव के बाहर खेलने के लिए गई थी। वह घर वापस नहीं आई तो उसका शव शाम को एक कुएं में पानी में उतराता हुआ मिला था। पुलिस ने बच्ची का शव कुएं से बाहर निकलवाया था। परिवार वालों ने आरोप लगाया था कि दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव को कुएं में डाल दिया था। परिवार वालों का कहना था कि उसकी पैजामी गायब थी। पुलिस ने पैनल के आधार पर मंगलवार को बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराया था। पोस्टमार्टम रिर्पोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि के लिए स्लाइड के साथ वीडियो ग्राफी बनाई गई। एसओ रोहित सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्ची की डूबने से मौत हुई है और शरीर में चोट के निशान नहीं पाए गए। साथ ही दुष्कर्म की पुष्टि भी नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि बच्ची के साथ गांव की दो लड़कियां और थी, जो कुएं के पास नहा रही थी। एसओ ने बताया कि फोरिसिंक टीम ने कुएं में पानी की नाप की तो साढ़े चार फीट पानी था। बच्ची कुएं के ऊपर पैजामी धो रही थी और पैर स्लिप हो जाने से डूब गई। परिवार वाले उसकी पैजामी तथा अंगोछा उठाकर घर ले गए थे।

## एक नजर

### जाति सूचक शब्द का विरोध करने पर पीटा

**शाहजहांपुर।** जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव शंकरपुर पिटराई निवासी ओमेंद्र ने बताया कि गांव के धनवीर ने दो जून को अपने खेत की नरई जलाई थी। उसके पड़ोस में उसका खेत है। उसने मेड़ पर यूकेलिप्टिस के पेड़ लगा रखे है। खेत में आग पहुंचने पर यूकेलिप्टिस के पेड़ झुलस गए। पीड़ित ने धनवीर से शिकायत की तो जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी धनवीर व राम निवास के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### रंजिशन युवक को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव छेदापट्टी निवासी गिरीश पाल सिंह ने बताया कि सोमवार शाम आठ बजे गांव में दानवीर के घर पर भागवत कथा हो रही थी। उसका भाई सुदीश खेत से घर जा रहा था। उसे आरोपी अखिलेश आदि ने पकड़ लिया और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने सुदीश को पीटकर घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने अखिलेश, महावीर सिंह, बलराम, अजयवीर, उदयवीर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव जमुनिया निवासी इब्बन खां ने बताया कि 19 मई 24 को उसका बेटा तसब्बर निवासी महानंदपुर थाना सिंधौली के रहने वाले ठेकेदार रफ्फन के साथ गांव ईटारोड़ा में पेड़ काटने के लिए गया था।वह पेड़ में रस्सी बांध रहा था। ठेकेदार रफ्फन ने अचानक ट्रैक्टर चालक राहत अली से कहकर ट्रैक्टर आगे बढ़वा दिया। जिससे बेटा रस्सी में फंस गया। उसके बेटे के बाएं पैर में चोट लग गई। उसका इलाज बरेली के एक अस्पताल में चल रहा है। रफ्फन ने 20 हजार रुपये दिए। उसके बाद इलाज कराने से मना कर दिया।

# घर में रस्सी से लटकता मिला बुजुर्ग का शव



बुजुर्ग की मौत पर रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी

**अमृत विचार:** सूरतपुर गांव में घर की छत पर एक बुजुर्ग ने रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। वह अकेले रहते थे। उसके दो भाई भी अलग रहते हैं।

थाना क्षेत्र के गांव सूरतपुर निवासी मोतीलाल (50) की शादी नहीं हुई थी। वह घर में अकेले रहते थे। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। दोनों भाई परिवार समेत अलग रहते थे। वह मजदूरी कर जीवनयापन करते थे। मंगलवार को पूरे दिन मोतीलाल घर से बाहर नहीं निकले तो पड़ोसियों को कुछ शक हुआ। पड़ोसियों ने मंगलवार की शाम छह बजे उसके भाई अवधेश को जानकारी दी। अवधेश भाई के घर आए तो दरवाजा खोलकर मकान की छत पर गए तो देखा कि उसका भाई मोतीलाल लोहे के एंगल से रस्सी से लटका हुआ था। एसओ रोहित सिंह मौके पर पहुंचे और शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अवधेश का कोई आरोप नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# झोलाछाप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मदनापुर, अमृत विचार :** बरुआ गांव में पांच माह की बच्ची की झोलाछाप के इलाज के दौरान मौत हो जाने के मामले में पुलिस ने झोलाछाप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव बरुआ निवासी संतराम मौर्य ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उसकी पांच माह की पुत्री आराध्या की तबीयत खराब होने पर 31 मई की सुबह आठ बजे बुधवाना गांव में झोलाछाप के यहां ले गया था। झोलाछाप ने बच्ची को देखने के बाद बुखार की दवा दी। वह बच्ची को लेकर घर चले आए। दूसरे दिन बच्ची की तबीयत अधिक खराब हो गई। वह बच्ची को लेकर दोबारा उसके पास गया। झोलाछाप ने बच्ची के ग्लूकोज की बोतल चढ़ाई। थोड़ी देर में बच्ची की मौत हो गई थी। बताया कि झोलाछाप ने 300 एमएल की बोतल दस मिनट में चढ़ा दी थी। मदनापुर पुलिस ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराया था। एसओ ने बताया कि झोलाछाप सुमित देव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# बुखार न उतरे तो डॉक्टर को जरूर दिखाएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मेडिकल कॉलेज के दवा काउंटर पर बारी के इंतजार में कतार में खड़े मरीज और तीमारदार। ● अमृत विचार

- सरकारी अस्पतालों में टायफाइड के मरीजों की संख्या बढ़ी
- डॉक्टरों ने दी दूषित पानी न पीने और ताजा भोजन खाने की सलाह

**अमृत विचार :** गर्मी के मौसम में वायरल बुखार के साथ ही टायफायड के मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। सरकारी अस्पताल तथा प्राइवेट डाक्टरों के यहां टायफाइड के मामले सामने आ रहे है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया। चिकित्सकों का कहना है कि इस मौसम में खानपान में सावधानी बरतनी की जरूरत है। लापरवाही बीमार बना सकती है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज, सीएचसी, पीएचसी तथा प्राइवेट डाक्टर के यहां वायरल बुखार के मरीज पहले से आ रहे है। अब टायफाइड के मामले भी सामने आने लगे। चिकित्सक इसकी मुख्य वजह दूषित खानपान और सफाई न होना बता रहे है। चिकित्सकों के मुताबिक टायफाइड बीमारी का इलाज समय पर कराना जरूरी है। यदि देरी से इलाज होता है तो इलाज लंबा चलता है इसलिए लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। बुखार नहीं उतर रहा है तो तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए। मेडिकल कॉलेज के फिजीशियन डॉ. एमएल अग्रवाल ने बताया कि वायरल बुखार के मरीज पहले से आ रहे थे। इसके अलावा उल्टी, दस्त, खांसी के मरीज भी आ रहे है। उन्होंने कहा कि दूषित पानी नहीं पीना चाहिए और बासी भोजन करने से बचे। लोगों को ताजा भोजन करना चाहिए।

> गर्मी में लोगों को बुखार से बचने के लिए सफाई का ध्यान रखना चाहिए। बाजार में कटे फल, गन्ने का जूस, दूषित पानी व बासी भोजन करने से बचना चाहिए। अगर टायफाइड के लक्षण नजर आते है तो इलाज शुरू करा देना चाहिए। बुखार से बचने के लिए सावधानी बरतनी जरूरी है। – **डॉ. आरके गौतम**, सीएमओ

# हाईवे किनारे खाई में मृत मिले युवक की नहीं मिली बाइक और मोबाइल

संवाददाता, बंडा

- सोमवार रात करीब 2:30 बजे घर से बाइक लेकर निकला था पुवायां का शिवम
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर में मिले चोटों के निशान, परिजन जता रहे हत्या की आशंका

**अमृत विचार :** मंगलवार को खाई में मृत अवस्था में मिले युवक की हत्या की आशंका जताई जा रही थी लेकिन पुलिस मामले को सड़क दुर्घटना मान रही है, जबकि युवक की बाइक व मोबाइल का पता नहीं चला है। इस मामले में तमाम तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

थाना पुवायां के गांव भटपुरा चंदू निवासी स्वर्गीय रामनरेश का पुत्र शिवम उर्फ कल्लू (19) सोमवार रात करीब 2:30 बजे अपनी मोटरसाइकिल से घर से निकला था। मंगलवार को उसका शव गांव बसंतपुर के पास बंडा पुवायां हाईवे के किनारे एक खाई में पड़ा मिला था। पुलिस ने जिसका पोस्टमार्टम कराया था और फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की थी। शिवम के सीने में कई जगह चोटों के निशान थे, साथ ही झाड़ी में एक बांका भी पड़ा मिला जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके अंगों में कई जगह चोट लगने की भी जानकारी दी गई है लेकिन पुलिस इसे हत्या न बताकर सड़क दुर्घटना से चोट लगना बता रही है। सवाल यह है यदि सड़क दुर्घटना हुई तो उसकी बाइक कहां है और फिर करीब 8-10 फिट खाई में युवक कैसे पहुंचा, जबकि शिवम के कोई भी दुर्घटना जैसी चोट नहीं दिखाई दे रही थी लेकिन पुलिस सड़क दुर्घटना की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ रही है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि शिवम का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शिवम उसके साथ शादी करना चाहता था लेकिन युवती के परिवार वाले शादी से इंकार कर रहे थे।

> शिवम की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चोटें दिखाई गई हैं। मामले की जांच की जा रही है हो सकता है, सड़क दुर्घटना हुई हो। – **राकेश मौर्य**, थाना प्रभारी

# महिला समेत दो लोगों ने खाया जहरीला पदार्थ

**तिलहर, अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला इमली निवासी निशा बेगम पति से किसी बात को लेकर विवाद होने पर जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों में हालत बिगड़ने पर उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां महिला का इलाज चल रहा है। वहीं दूसरी तरफ नगर के मोहल्ला कुमारगंज निवासी अरुण मौर्य ने अपने पिता राजेश मौर्य से किसी बात को लेकर नाराज हो गया था। नाराजगी के चलते घर में रखी चूहा मार दवा खा ली, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। जहां उसका उपचार चल रहा है। इमरजेंसी ड्यूटी पर मौजूद डॉ इंद्रजीत ने बताया महिला एवं युवक अरुण मौर्य की हालत अब ठीक है उपचार देने के बाद उन्हें घर भेज दिया जाएगा।

# गड्ढे में दबाकर जान से मारने के प्रयास में चार आरोपियों पर रिपोर्ट

संवाददाता, खुटार

- पीड़ित बोला, आरोपियों ने हाथ-पैर बांधकर लात घूसों, लाठी डंडों से की पिटाई
- तमंचा दिखा डराया धमकाया, पुलिस ने दूसरी तहरीर पर तीसरे दिन दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** युवक को बाइक पर बैठाकर कठिना नदी किनारे गड्ढे में दबाकर मारने के प्रयास के मामले में पुलिस ने घटना के तीसरे दिन बुधवार को चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित ने दूसरी तहरीर दी है। पीड़ित बोला, आरोपियों ने पहले हाथ पैर बांध दिए। इसके बाद लात घुसों और लाठी डंडों से पिटाई कर दी और तमंचा दिखाकर डराया धमकाया। किसी तरह जान बचाकर घर पहुंचा। शिकायत के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

क्षेत्र के गांव सरेली खुर्द निवासी पवन कुमार ने पुलिस को बताया कि तीन जून शाम करीब चार बजे गांव के ही राहुल ने फोन करके उससे कहा कि गांव के पास स्थित बाग में आ जाओ और अपने मजदूरी के एक हजार रुपये ले लो आकर। उसी समय राहुल का साथी गांव का ही अंकुश उसे लेने बाइक से घर पहुंच गया और बैठाकर बाग में ले गया। जहां पहले से ही गांव के रहने वाले अनिल, बबलू मौजूद थे। इसके बाद उक्त लोक बाइक से उसे गांव बनकटा के आगे नदी के पास ले गए। जहां उसके हाथ-पैर बांधकर चारों आरोपियों ने लात घूसों और लाठी डंडों से काफी पिटाई की। जिससे वह घायल हो गया। आरोपी अनिल ने उसे तमंचा दिखाकर डराया धमकाया। उक्त चारों ने एक गहरे गड्ढे में दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। उक्त चारो उसे जनपद लखीमपुर खीरी के कस्बा मैलानी के गांव राजामंडी में ले गए। जहां आरोपी शराब पीने लगे। इस बीच वह मौका पाकर पीड़ित पवन जान बचाकर घर निकल गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रात को ही मौके पर पहुंचकर जांच की थी। पुलिस ने पहले दी गई तहरीर को बदलवा दिया। बुधवार को पवन कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। देर शाम पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी अनिल, बबलू, अंकुश, राहुल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# विद्युत पोल से टकराई अनियंत्रित डीसीएम



विद्युत पोल से टकराई डीसीएम।

- छुट्टा पशु बचाने के चक्कर में बुधवार तड़के हुआ हादसा बाल-बाल बचा चालक

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** छुट्टा पशु को बचाने के फेर में बुधवार तड़के नगर में पुरानी बैंक ऑफ बड़ौदा के पास जगदीश अवस्थी के मकान की दीवार में डीसीएम अनियंत्रित होकर टकरा गई। नगर पंचायत का लगा बिजली पोल भी क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि हादसे में जनपद कासगंज के मोहल्ला लक्ष्मीगंज निवासी डीसीएम चालक राजू बाल-बाल बच गए।

डीसीएम में लोहे के एंगल और सरिया लदी हुई थी। वाहन चालक उसे खुटार के एक व्यापारी के यहां ले जा रहा था। उससे पहले यह हादसा हो गया। गनीमत रही कि उस समय लोगों की चहल-पहल कम थी। सुबह करीब साढ़े नौ बजे क्रेन की मदद से डीसीएम को हटाया गया। घटना की सूचना पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। डीसीएम से नगर पंचायत प्रशासन और जगदीश अवस्थी को नुकसान पहुंचा है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी सिपाही को मौके पर भेजा गया था। चालक और नगर पंचायत कर्मियों में समझौते की बात चल रही है। यदि तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रक की टक्कर से पोल टूटा, बाइक सवार पर गिरा

**पुवायां, अमृत विचार :** रिश्तेदारी में अंत्येष्टि कराने के लिए जा रहे गांव मुडिया कुर्मियात निवासी रामू अपनी मां सुमित्रा देवी व ताई विद्यावती को लेकर थाना खुटार के गांव अंडाहा बाइक से जा रहा था। तभी रास्ते में गांव वेहटा के पास तेज रफ्तार से आ रहा ट्रक चालक ने बाइक को बचाने के लिए साइड ली लेकिन तेज रफ्तार होने के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर खड़े बिजली के पोल से टकरा गया। पोल में ट्रक की टक्कर लगने से पोल बाइक पर जा गिरा। जिस कारण बाइक चालक रामू, विद्यावती व सुमित्रा को काफी गंभीर चोटें आई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस घायलों को सीएचसी ले आई। रामू के गंभीर चोटें होने के कारण डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। विद्यावती व सुमित्रा का उपचार किया जा रहा है।

### बाइक ने मारी टक्कर, युवक घायल

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के गांव चिनौर निवासी अनूप कुमार ने बताया कि 29 मई की शाम सात बजे उसके चाचा राम नरेश (45) पुवायां-निगोही बाईपास की ओर जा रहे थे। अज्ञात बाइक सवार ने पीछे से उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। पड़ोसी विकास ने रोकने का प्रयास किया तो बाइक पर सवार तीन लोगों ने उन्हें मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। उन्होंने चाचा को अस्पताल में भर्ती कराया और उपचार चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मेडिकल कॉलेज से दवा चुराकर ले जाने के आरोपी वार्ड ब्याय की सेवाएं समाप्त

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कमेटी ने चीफ फार्मासिस्ट तथा कर्मचारियों के लिए बयान

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज से दवा चुराकर ले जाने वाले वार्ड ब्याय की सेवाएं समाप्त कर दी गई है। आरोपी फरार है। इधर पिकअप में चोरी की पकड़ी गई सर्जिकल सामग्री में जांच कमेटी चीफ फार्मासिस्ट व कर्मचारियों के बयान लिए है। जांच कमेटी अपने स्तर से जांच कर रही है।

मंगलवार की दोपहर मेडिकल कॉलेज का वार्ड ब्याय रिजवान बैग में इंजेक्शन, बीकांपलेक्स की गोली, मलहम का ट्यूब, ग्लूकोज की बोतल तथा अन्य दवाएं भरकर ले जा रहा था। सिक्योरिटी गार्ड को कुछ शक हुआ तो उन्होंने उसे रुकने के लिए कहा तो वह बैग छोड़कर भाग गया। सिक्योरिटी गार्ड ने बैग ले जाकर प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार को दिया। जांच कमेटी अपने स्तर से जांच कर रही है।

आरोपी वार्ड ब्याय आउट सोर्सिंग के माध्यम से लखनऊ की संस्था के माध्यम से लगा था। कॉलेज प्रशासन ने उसे हटाने के लिए लखनऊ की संस्था को पत्र लिखा था। संस्था ने उसे हटा दिया है। इधर सिक्योरिटी गार्ड ने शनिवार की रात 11 बजे मेडिकल कालेज परिसर में पिकअप में लाखों रुपये की सर्जिकल सामग्री बरामद की थी। चालक के साथ फरार व्यक्ति मेडिकल कालेज में दवा स्टोर में प्राइवेट कर्मचारी था। बताते है कि उसे किसी कर्मचारी ने अपने स्तर से रखा था। तीन सदस्यीय जांच कमेटी कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। कमेटी ने दवा स्टोर के चीफ फार्मासिस्ट संदीप बंसल तथा दो कर्मचारियों के बयान लिए है।

> आउट सोर्सिंग से नियुक्त वार्ड ब्याय की सेवाएं समाप्त कर दी गई है। उन्होंने बताया कि दोनों मामलों की जांच की जा रही है। – **डॉ. राजेश कुमार**, प्राचार्य

### खेत में चर रही दो भैंसों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के थरिया गांव में बुधवार सुबह नेत्रपाल पुत्र रामेश्वर खेत में अपनी दुधारू भैंसों को चराने के लिए ले गए थे। सुबह करीब 12 बजे खेत में ही भैंसें तड़पने लगीं और जमीन पर गिर गईं। परेशान नेत्रपाल ने तत्काल परिजनों को सूचना देकर डॉक्टर को बुलाया। डॉक्टर ने मौके पर पहुंचकर दोनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं एक अन्य भैंस का इलाज चल रहा है। अचानक हुई भैंसों की मौत से किसान परेशान हैं। अन्य किसान भी खेत पर भैंसें चराने ले जाने से कतरा रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि पशु चिकित्सक ने दुधारू पशुओं के टैग न लगे होने के कारण पीएम करने से मना कर दिया। ऐसे में भैंस की मौत का सही कारण नहीं पता चल सकेगा।

# नहर में मिला अज्ञात युवती का शव, शिनाख्त नहीं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कमलापुर गांव के किनारे नहर में एक युवती का शव मिला है। शव पांच दिन पुराना लग रहा है जो शव सड़ गया है। कटरा थाना क्षेत्र के गांव कमलापुर के ग्रामीण बुधवार की सुबह आठ बजे नहर के किनारे जानवर लेकर गए। ग्रामीणों ने नहर में एक उतराता शव देखा। शव देखने वालों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने शव मिलने की सूचना थाने पर दी। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी सिपाहियों के साथ मौके पर गए और युवती के शव को नहर से बाहर निकलवाया। युवती की उम्र करीब 25 साल होगी, पैरों में बिछुए नहीं पहने है और शरीर में चोट के निशान नहीं है। युवती गुलाबी रंग की मैक्सी तथा काले रंग की सलवार पहने हुए, जिस पर सफेद रंग की पट्टी बनी हुई है। शव पांच दिन पुराना लग रहा है और शरीर पर चोट के निशान नहीं है। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# कैडर वोट भी नहीं मिला बसपा प्रत्याशी को

## बसपा का निराशाजनक प्रदर्शन, जिले में चार लाख से ज्यादा है कैडर वोट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में बसपा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। हालत यह हो गई कि कैडर वोट तक बसपा प्रत्याशी के हाथ से फिसल गया। करारी हार के बाद अब प्रत्याशी के व्यवहार को लेकर सवाल उठ रहे हैं। कहा जा रहा है कि प्रत्याशी दोदराम वर्मा के व्यवहार की वजह से साल 2009, 2014 और 2019 में दूसरे नंबर पर रहने वाली बसपा इस बार इतनी बुरी हालत में पहुंच गई कि प्रत्याशी अपनी जमानत तक नहीं बचा पाए। जबकि जिले में चार लाख से ज्यादा बसपा का कैडर वोट बताया जाता है। अगर 50 प्रतिशत मतदाताओं ने ही वोट डाला है तो भी लगभग दो लाख वोट बसपा प्रत्याशी को मिलने चाहिए थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बसपा प्रत्याशी को मात्र 91 हजार 688 मत ही मिले। उन्हें सबसे कम 8632 वोट सदर विधान सभा में मिले। इसी तरह बसपा प्रत्याशी को कटरा विधानसभा में 14765, जलालाबाद में 10565, तिलहर विधानसभा में 15381, पुवायां विधानसभा में 21533, ददरौल विधानसभा में 20404 और 408 डाक मत पत्र बसपा प्रत्याशी को मिले। पिछले चुनावों की बात करें तो साल 2009 में सपा के मिथिलेश कुमार ने चुनाव जीता था, उन्हें 257033 मत मिले थे। इस चुनाव में बसपा दूसरे नंबर पर रही थी। बसपा की प्रत्याशी सुनीता सिंह को 186454 मत मिले थे। इसी तरह 2014 में कृष्णा राज को 525132 और बसपा के उमेद कुमार कश्यप को 289603 मत मिले थे। इसी तरह साल 2019 में भी बसपा प्रत्याशी अमरचंद जौहर दूसरे स्थान पर रहे थे। सांसद अरुण कुमार सागर को 688990 मत मिले थे जबकि अमरचंद्र को 420572 मत मिले थे।



बसपा प्रत्याशी दोदराम वर्मा।

- तीन चुनावों में लगातार दूसरे नंबर पर रही थी बसपा

### प्रत्याशी के व्यवहार को लेकर होती रही चर्चा

बसपा की ओर से दोदराम वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया गया। इसके बाद बसपा प्रत्याशी कभी-कभार ही क्षेत्र में चुनाव प्रचार करते हुए देखे गए। उनके व्यवहार को लेकर लगातार सवाल उठते रहे। कहा गया कि दोदराम वर्मा का व्यवहार एक राजनेता की तरह न होकर एक स्कूल के हेडमास्टर की तरह सख्त व आक्रामक है। जिसके चलते लोग उनसे जुड़ने की वजह कट रहे हैं। शुरुआत से ही अंदेशा था कि बसपा को करारी हार का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि बसपा प्रत्याशी मैदान में लड़ते हुए दिखाई ही नहीं दे रहे थे। मंगलवार सुबह जब नतीजे आने शुरू हुए तो बसपा प्रत्याशी लगातार पीछे चलते रहे। पूरी मतगणना के दौरान एक बार भी लड़ाई में नहीं आ सके। अंत में उनकी जमानत जब्त हो गई।

> मेरे व्यवहार को लेकर लोग क्या कहते हैं मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। मैं भले ही चुनाव हार गया हूं, लेकिन मुझे इससे बहुत कुछ सीखने को मिला है।
>
> **- दोदराम वर्मा,** बसपा प्रत्याशी।



वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में शिक्षकों के साथ मेडिकल छात्र। ● अमृत विचार

# वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में रोपी पौध

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एमबीबीएस छात्रों ने कॉलेज परिसर में पौध रोपित की। साथ ही पर्यावरण पर आधारित पोस्टर, लेखन, प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताएं भी कराई गईं।

इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल, उपाध्यक्ष किरन अग्रवाल ने सभी का उत्साहवर्धन करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक प्रयास करते हुए पौधारोपण पर जोर दिया। पौध रोपित करने वालों में कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. जावेद हसन, डॉ. अमरुत, डॉ. धर्मेंद्र गुप्ता, डॉ. इंतखाब आलम, डॉ. अभिनय अग्रवाल, डॉ. अपराजिता, डॉ. अतुल सक्सेना, डॉ. आदित्य, डॉ. मयंक, डॉ. वकार समेत स्टाफ के सदस्य और मेडिकल के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# नीट परीक्षा: किसान की बेटी पल्लवी को मिली सफलता

- हासिल की 2768 वीं रैंक, अब काउंसलिंग के बाद एमबीबीएस में होगा प्रवेश

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** खुटार के गांव बेला निवासी किसान की बेटी पल्लवी मिश्रा ने एमबीबीएस मेडिकल परीक्षा (नीट) उत्तीर्ण कर परिवार का नाम रोशन किया है।



पल्लवी मिश्रा।

भारत में 2768 वीं स्थान पर रैंक हासिल की है। अब काउंसलिंग के बाद पल्लवी का प्रवेश एमबीबीएस में होगा। गांव बेला निवासी जगत भूषण मिश्रा किसान थे। वर्ष 2006 में मार्ग दुर्घटना में 27 वर्ष की आयु में उनकी मौत हो गई थी। हादसे के एक माह बाद 22 फरवरी को पल्लवी का जन्म हुआ। मां नीलम देवी गृहणी है। मां के अलावा पल्लवी के बाबा सेवानिवृत्त शिक्षक उमाशंकर मिश्रा व ताऊ भारत भूषण ने देखभाल की। पल्लवी को शिक्षा बेहतर मिल सके। इसके लिए अच्छे उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिला कराया। पल्लवी ने बारहवीं की शिक्षा गुरुकुल एकेडमी जनपद लखीमपुर खीरी के कस्बा पलिया से करने के बाद प्रांत राजस्थान के कोटा में रहकर करीब वर्ष 2022, माह जुलाई से शुरुआत की। जहां मेडिकल परीक्षा नीट की तैयारी की। 4 जून को नीट का रिजल्ट आया। जिसमें पल्लवी ने ऑल इंडिया 2768 रैंक हासिल कर खुटार व परिवार का नाम रोशन किया है। इससे एमबीबीएस में प्रवेश का रास्ता साफ हो गया है। पल्लवी भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य प्रवीण मिश्रा संटू की चचेरी भतीजी हैं।

# पौध रोपित कर मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मुमुक्षु शिक्षा संकुल कैंपस में योगी के 52वें जन्मदिन पर लगाए गए 52 पौधे

**अमृत विचार :** मुमुक्षु शिक्षा संकुल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जन्मदिन पौध रोपित कर मनाया गया। चूंकि यह उनका 52वां जन्मदिवस है, इसलिए कैंपस की सभी शिक्षण संस्थाओं में विभिन्न प्रजातियों के 52 पौधे लगाए गए।

महाविद्यालय सचिव डॉ. अवनीश कुमार मिश्रा, लॉ कालेज प्राचार्य डॉ. जयशंकर ओझा, एसएस कॉलेज प्राचार्य प्रो. आरके आजाद, एसएसएमवी की प्रधानाचार्य डॉ. मेघना मेंहदी रत्ता आदि के नेतृत्व में स्टाफ के सदस्यों ने कैंपस परिसर में पौधरोपण किया। इस मौके पर सचिव डॉ. अवनीश ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए आज एक खास दिन हैं। एक ओर जहां आज हम विश्व पर्यावरण दिवस मना रहे हैं, वहीं दूसरी ओर आज प्रदेश के मुख्यमंत्री और पर्यावरण प्रेमी योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन भी है। उनके 52वें जन्मदिन पर स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय परिसर में मुमुक्ष शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती की प्रेरणा से 52 पौधों का रोपण किया।



सीएम योगी के जन्मदिन पर पौध रोपित करते सचिव डॉ. अवनीश मिश्र एवं प्राचार्य प्रो. आरके आजाद व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यक्रम के तहत डॉ. विनीत श्रीवास्तव, डॉ. आदर्श पांडेय, डॉ. पवन कुमार, सुयश सिन्हा, डॉ. राम निवास गुप्ता, डॉ. अमित कुमार यादव, मृदुल शुक्ला, डॉ. दीप्ति गंगवार, डॉ. ज्योत्सना गुप्ता, रंजना खंडेलवाल, प्रदीप चैहान, डॉ. अमरेंद्र सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, अपर्णा चैहान, डॉ. अनिल कुमार, विनय सिंह, प्रिया शर्मा, अखिलेश त्रिपाठी, अरविंद शुक्ला, अरुण गुप्ता, अभिलाष पांडेय आदि शामिल रहे।

# पौधरोपण कर नियमित करें सिचाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर पर्यावरण दिवस पर जागरुकता रैली तथा पौधरोपण किया गया। मुरादाबाद मंडल के अधिकारियों के निर्देश पर विश्व पर्यावरण दिवस पर रेलवे स्टेशन पर स्काउट गाइडस ने जागरुकता रैली निकाली।

कर्मचारियों को जागरूक किया गया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने-अपने घर पर एक पौधरोपण करें। उसमें नियमित पानी डाले और उसकी देखभाल करें। साथ ही छत पर पक्षियों के पानी पीने के लिए मिट्टी के बर्तन में पानी रखे। कर्मचारियों ने स्टेशन परिसर में पौधे रोपे। कार्यक्रम का आयोजन सुनील पंत, ग्रुप लीडर स्काउट हिना कौशर ने किया। इस दौरान एसएस पीएस तोमर, सीएमआई एसके ठाकुर आदि मौजूद रहे।




रेलवे स्टेशन पर पर्यावरण दिवस पर जागरुकता रैली निकालते स्काउट गाइड्स।

- रेलवे स्टेशन पर स्काउट गाइड्स ने निकाली जागरूकता रैली
- परिसर में रेलवे कर्मचारियों ने रोपे पौधे, संरक्षण का संकल्प लिया

# हरियाणा में चला बैडमिंटन खिलाड़ियों के खेल का जादू



स्टेडियम में बैडमिंटन के विजेता खिलाड़ियों के साथ क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- विभिन्न वर्गों में मिली जीत स्टेडियम में क्रीड़ा अधिकारी ने किया स्वागत

**अमृत विचार :** कैनविन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट की ओर से बीएमएल यूनिवर्सिटी हरियाणा में 31 मई से दो जून तक चली ओपेन बैडमिंटन चैंपियनशिप में स्पोर्ट्स स्टेडियम के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए जिले को गौरवांवित किया है।

जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया ने बताया कि ओम अरोरा ने अंडर-17 वर्ग में जीत दर्ज की। इसी वर्ग में रिषभ कुमार दिनकर व ओम अरोरा की जोड़ी ने डबल्स मुकाबला भी अपने नाम किया। अंडर-19 वर्ग में रिषभ कुमार दिनकर ने जीत दर्ज की। इसी वर्ग में मनु उपविजेता बने। डबल्स मुकाबले में ओम अरोरा व रिषभ कुमार दिनकर की जोड़ी विजेता घोषित की गई। ओम अरोरा मेन्स सिंगल्स के भी विजेता बने। शुम गुप्ता व गूरनूर मिक्स डबल्स में उपविजेता रहीं। इसी प्रकार स्पर्श शुक्ला ने अंडर-13 वर्ग में स्टेट चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचकर स्टेडियम को गौरवांवित किया।

सभी विजेताओं का स्टेडियम में स्वागत कर बधाई दी गई। बैडमिंटन प्रशिक्षक अतुल कुमार, मुजाहिद अली, पंकज कुमार, शकील अहमद, शिव प्रताप सिंह आदि ने विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# संप्रेक्षण गृह में मनाया गया पर्यावरण दिवस

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय संप्रेक्षण गृह पिपरोला में जागरुकता शिविर लगाया गया। शिविर की अध्यक्षता सचिव पीयूष तिवारी ने की।

इस अवसर पर सचिव ने संप्रेक्षण गृह में निरुद्ध किशोरों को पर्यावरण के प्रति जागरुक करते हुए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने और उनका संरक्षण करने को प्रेरित किया। इस अवसर पर निरुद्ध किशोरों ने पौध भी रोपित की। संप्रेक्षण गृह अधीक्षक सुधीर सक्सेना, पैरा लीगल वालंटियर सैनिक पांडेय, योगेश आदि मौजूद रहे।

## श्री शनिदेव जयंती पर भंडारा आज

**तिलहर, अमृत विचार :** गुरुवार को श्री शनि जयंती के अवसर पर सुभाष कॉलोनी स्थित गीता मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान और विशेष आरती तथा भंडारा किया जाएगा। जानकारी मंदिर के संस्थापक सदस्य पंकज सहनी दी है। उन्होंने बताया कि अपरान्ह चार बजे धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ होगा । शाम सात बजे विशेष आरती के भोग अर्पण कर शनि देव की इच्छा तक भंडारा होगा।

## सार-संक्षेप

### जीएफ में एनएसएस स्वयंसेवियों ने लगाएं पौधे



**शाहजहांपुर।** जीएफ कालेज में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों ने आपसी सामंजस्य से विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए। प्राचार्य डॉ. मोहम्मद तारिक के नेतृत्व में शिक्षकों ने भी पौधरोपण कार्यक्रम में सहयोग किया। प्राचार्य ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। वृक्ष से हमें अनेक प्रकार की औषधियां, गोंद, छाल, कीमती लकड़ी, फल-फूल आदि प्राप्त होते हैं। साथ ही पेड़ों के आसपास वातावरण शुद्ध रहता है और हमें ऑक्सीजन भी मिलती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि वह अधिक से अधिक पौध रोपित करें। पौध रोपित करने वालों में सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहम्मद शोएब, डॉ. कौसर जमाल समेत सनी, रोहित, तूबा, दीपांजलि, मुस्कान, आयुष्मान आदि स्वयंसेवी भी शामिल रहे।

### पौध लगाकर बनाई रंगोली और पोस्टर



**शाहजहांपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर राजकीय मेडिकल कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। पर्यावरण पर आधारित गोष्ठी के साथ ही रंगोली, पोस्टर आदि प्रतियोगिताएं भी कराई गई। मेडिकल छात्र-छात्राओं ने कालेज परिसर में पौध भी रोपित की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण का महत्व समझाया। गोष्ठी में एमबीबीएस 2022 बैच की श्रेया श्रीवास्तव, आदर्श त्रिपाठी आदि ने भी विचार व्यक्त किए। छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागृति के लिए आकर्षक रंगोली एवं प्रेरक पोस्टर भी बनाए। पौध रोपित करने वालों में मेडिकल छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त डॉ. विजयेंद्र, डॉ. मनीष भूषण पांडेय समेत संकाय सदस्य शामिल रहे।

### कैंब्रिज की यशस्वी व अनमोल ने पास की नीट परीक्षा




**पुवायां।** कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल के छात्र अनमोल कुमार ने इसी वर्ष इंटरमीडिएट की परीक्षा पास करने के बाद बिना किसी तैयारी के नीट के परीक्षा भी पास कर ली। इसी के साथ दो वर्ष पूर्व इंटरमीडिएट में टॉप करने वाली छात्रा यशस्वी रायजादा ने भी नीट की परीक्षा पास की है। अनमोल कुमार के पिता पुवायां इंटर कॉलेज पुवायां में कॉमर्स के प्रवक्ता है। यशस्वी के पिता आशीष रायजादा जो कि अधिवक्ता थे उनका निधन हो चुका है। माता कीर्ति रायजादा टीचर है। यशस्वी ने नीट की परीक्षा पास कर स्कूल के साथ-साथ माता-पिता का नाम भी रोशन किया है। यशस्वी व अनमोल की कामयाबी पर कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल के डायरेक्टर रचित अग्रवाल, विनायक अग्रवाल, अखिलेश अग्निहोत्री, पुवायां इंटर कॉलेज के प्रवक्ता संजय मिश्रा, अजय श्रीवास्तव तथा व्यापारी शैलेश वैश्य ने हर्ष व्यक्त किया।

कैलाश आई एवं जनरल हास्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाण्डेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

## एक नजर

### घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** बंडा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि सोमवार की रात साढ़े नौ बजे वह मकान की छत पर खड़ी थी। उसकी 14 वर्षीया बेटी नीचे कमरे में थी। गांव का कुलदीप मकान में घुस आया और गलत नीयत से उसकी बेटी को पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। बेटी ने शोर मचाया तो आरोपी भाग गया। महिला आरोपी के घर पर शिकायत करने गयी तो आरोपी के परिवार वालों ने महिला तथा उसकी बेटी को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी कुलदीप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बाइक चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव मिश्रीपुर निवासी राहुल कश्यप ने बताया कि उसका भाई अभिषेक(30) कश्यप फेरी लगाता था। सोमवार की शाम सात बजे वह ठेला लेकर घर आ रहा था। हाईवे पर खन्नौत पुल के निकट बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे उसके भाई की मौत हो गई थी। बाइक चालक उसके भाई को अस्पताल पहुंचाकर गायब हो गया। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# हाय बिजली... ट्रिपिंग, लो वोल्टेज और कटौती ने रुलाया

## कलान में चुनाव के बाद बुधवार को पूरे दिन बिजली की हुई कटौती, अफसरों की अनदेखी से उपभोक्ताओं में नाराजगी

सवांददाता, शाहजहांपुर/ कलान

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में बिजली कटौती लोगों को परेशान किए हुए है। शहर से लेकर देहात तक बिजली की समस्या बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में दिन में लगातार बिजली कटौती जारी होती है जिससे लोगों का हाल खराब है। मंगलवार को मतगणना के बाद खत्म हुई तो फिर बिजली ने भी आंख मिचौली शुरू कर दी। लोगों का मानना है कि बिजली विभाग के लोग अपनी मनमानी कर रहे हैं, जिससे लोगों को सुचारू रूप से बिजली नहीं मिल पा रही है।

बुधवार को भीषण गर्मी थी, ऐसे में शहर के कई मोहल्लों चौक, बहादुरपुरा, खिरनीबाग, कटिया टोला आदि स्थानों पर बिजली की ट्रिपिंग उपभोक्ताओं को परेशान किए रही, वहीं लोग वोल्टेज की समस्या से भी लोग जूझते रहे। उधर, पुवायां में रात करीब दो बजे अचानक बिजली गुल हो गई। दो घंटे लोग परेशान रहे।



**कलान।** भीषण गर्मी में बिजली कटौती कस्बे के लोगों को परेशान किए हुए है। दिन में लगातार बिजली कटौती जारी होती है जिससे लोगों का हाल खराब है। अफसरों की लापरवाही के कारण समस्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है, जिससे उपभोक्ताओ में नाराजगी है। चुनाव प्रक्रिया मंगलवार को मतगणना के बाद खत्म हुई तो फिर बिजली ने भी आंख मिचौली शुरू कर दी। लोगों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के लोग अपनी मनमानी कर रहे हैं, जिससे कस्बे के लोगों को सुचारू रूप से बिजली नहीं मिल पा रही है। मंगलवार शाम से बिजली कटौती शुरू हो गई। बुधवार को दिन में बिजली का आलम बेहद खराब रहा। सुबह सात बजे के करीब बिजली की सप्लाई बंद हो गई, जो नौ बजे के आसपास आई। करीब एक घंटा बाद बाद फिर बिजली गुल हो गई। धूप बढ़ी और तपिश शुरू हुई तो दोपहर 12 बजे बिजली कटौती के कारण लोगों का हाल बेहाल हो गया। बुधवार को पूरे दिन बिजली कटौती का सिलसिला जारी रहा। इससे गर्मी में लोगों को दिक्कत उठानी पड़ रही है। बिजली नहीं आने के संबंध में उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के कर्मचारियों, अधिकारियों से शिकायत भी की लेकिन कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इस कारण लोग पूरे दिन परेशान रहे। बिजली विभाग की जिम्मेदार अफसर की लापरवाही से कस्बे में बिजली कटौती की समस्या बढ़ती जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि इस समस्या के समाधान के लिए जिम्मेदार लोग लापरवाह बने हुए हैं, जिससे उपभोक्ता में भी नाराजगी है। कस्बा वासियों ने जिला अधिकारी से विद्युत सप्लाई दिलाए जाने की मांग की है।

## बिजली कटौती के विरोध में भाकिमयू का धरना प्रदर्शन

सवांददाता, निगोही

बिजली कटौती के विरोध में भारतीय किसान मजदूर यूनियन (राष्ट्रवादी) ने विद्युत उपकेंद्र पर धरना, प्रदर्शन किया। इस दौरान एसडीओ को ज्ञापन देकर समस्या समाधान की मांग की।

किसानों ने बताया कि भटियुरा पृथ्वीपुर गांव में केबिल खराब होने की वजह से विद्युत आपूर्ति 29मई से बंद है। भीषण गर्मी में लोग परेशान हो रहे हैं। भाकिमयू के कार्यकर्ता उपकेंद्र पहुंचे तो वहां जेई , एसडीओ गायब थे। फोन तक नही उठा रहे थे। काफी देर बाद एसडीओ सत्यप्रकाश आए और उन्होंने खराब केबिल और नया पांच केवी का ट्रांसफार्मर लगाकर पांच दिन में व्यवस्था दुरुरूत कराए जाने का आश्वासन दिया। धरना प्रदर्शन करने वालों में तहसील उपाध्यक्ष अनिल वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष अजवेन्द्र सिंह, ब्लाक प्रभारी जगपाल कुशवाहा , प्रदीप कुशवाहा, ओमप्रकाश कनौजिया, राजवीर वर्मा, रामगोपाल वर्मा, दीपक कुशवाहा सुनील कुशवाहा श्रीकांत कश्यप, विपिन कश्यप, भारत वर्मा, विमलेश वर्मा, मोतीलाल सक्सेना, सर्वेश कुमार,रोहित कुमार पटेल आदि मौजूद रहे।



विद्युत उपकेंद्र पर धरने पर बैठे भाकिमयू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

> पूरा प्रयास रहता है कि सही तरीके से कस्बे के लोगों को बिजली सप्लाई मिले लेकिन ऊपर से कटौती हो जाती है या फिर कोई फाल्ट आ जाता है, तो फिर दिक्कत सामने आती है।
>
> – **राम सुरेश,** अवर अभियंता कलान

## दहेजलोभियों ने गर्भवती को पीटकर निकाला

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** कटरा थाना क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी रजनीश ने बताया कि उसने पुत्री नेहा की शादी तीन साल पूर्व गुड्डू निवासी साउथ वेस्ट दिल्ली के साथ की थी। अपनी सामर्थ्य अनुसार दहेज दिया था। लेकिन ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। ससुराल वालों ने उसकी बेटी से कहा कि मायके से कार तथा एक लाख रुपये मंगाकर दो। उसने ससुराल वालों से कहा कि मायके वाले कार तथा एक लाख रुपये नहीं दे पाएंगे।

आरोप है कि उसकी बेटी गर्भवती है और ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि ससुराल वालों ने दो माह पूर्व मारपीट करके उसकी बेटी को घर से निकाल दिया और कहा कि एक लाख रुपये तथा कार लेकर आना। उसकी बेटी मायके में रह रही है। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि पति गुड्डू, अनीता, कपिल, रामवीर, रामबेटी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मेडिकल कॉलेज में लगेंगी दो और अल्ट्रासाउंड मशीनें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **मरीजों को अल्ट्रासांउड के लिए नहीं बैठना पड़ेगा घंटों**
- **रोजाना होते हैं करीब डेढ़ सौ अल्ट्रासाउंड**

**अमृत विचारः** मेडिकल कॉलेज में अल्ट्रासाउंड कराने वाले मरीजों को अब घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इधर-उधर दौड़ लगानी पड़ेगी और न ही निजी केंद्रों में मजबूरन ज्यादा शुल्क देना होगा। कॉलेज में दो और मशीनें लग जाने से मरीजों को काफी राहत मिलेगी। जिसके लिए डॉक्टर समेत स्टाफ बढ़ाया जाएगा।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में एक अल्ट्रासाउंड मशीन लगी है। सुबह नौ से दिन के दो बजे तक एक दिन में करीब डेढ़ सौ अल्ट्रासाउंड हो जाते है। जिसके इंतजार में मरीजों के साथ आए तीमारदारों को भी अल्ट्रासाउंड कराने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। सुबह दस बजे से लोग लाइन में आकर लग जाते है। कॉलेज प्रशासन ने अल्ट्रासाउंड मशीन और लगाए जाने के लिए लखनऊ मुख्यालय को पत्र लिखा था। प्रदेश सरकार ने प्रदेश भर में 23 अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने का निर्णय लिया है। जिसमें यहां दो अल्ट्रासाउंड मशीनें लगेंगी। जिससे मरीजों को काफी राहत मिलेगी। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि दो और अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने के आदेश लखनऊ मुख्यालय से हुए है।



मेडिकल कॉलेज में शपथ लेते शिक्षक और एमबीबीएस के छात्र। ● अमृत विचार

# एमबीबीएस छात्रों ने ली चरक शपथ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **छात्रों को दी स्वास्थ्य सेवा से राष्ट्र सेवा की जानकारी**
- **कमीशन के सदस्य ने किया जिज्ञासाओं का समाधान**

**अमृत विचारः** राजकीय मेडिकल कॉलेज में बुधवार को एमबीबीएस 2019 बैच के छात्रों के लिए चरक शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। नेशनल मेडिकल कमीशन नई दिल्ली के पूर्णकालिक सदस्य डॉ. विजयेंद्र कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए चरक शपथ का उद्देश्य एवं एक चिकित्सक के रूप में स्वास्थ्य सेवा से राष्ट्र सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों से संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। एनएमओ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. मनीष भूषण पांडेय ने एनएमओ द्वारा किए जा रहे सेवा एवं जनजागरण के कार्यों के बारे में बताया। प्रधानाचार्य डॉ. राजेश कुमार ने सभी छात्रों को एक अच्छा चिकित्सक बनने के बारे में एवं चिकित्सा के क्षेत्र में किस प्रकार उच्च मानदंडों को स्थापित किया जा सकता है। कार्यक्रम में अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवल अरोड़ा व डॉ. सुमित सक्सेना ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. आदित्य प्रकाश आर्य आदि मौजूद रहे।

# अब पीलीभीत मेरी कर्मभूमि, लेकिन शाहजहांपुर के लिए सदैव रहूंगा तत्पर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



चुनाव जीतकर शाहजहांपुर पहुंचे सांसद जितिन प्रसाद का स्वागत करते विधायक अरविंद सिंह व अन्य भाजपाई। ● अमृत विचार

- **चुनाव जीतकर पहुंचे सांसद जितिन प्रसाद का भाजपाइयों ने किया स्वागत**

**अमृत विचारः** लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद के पीलीभीत लोक सभा से जीतने के बाद प्रसाद भवन पहुंचने पर बुधवार सुबह ददरौल विधायक अरविंद सिंह व अन्य भाजपाइयों ने स्वागत किया। सुबह से ही उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

पीलीभीत, शाहजहांपुर समेत प्रदेश के विभिन्न जनपदों से पार्टी के लोगों व उनके शुभचिंतकों ने आकर उन्हें मालाएं पहनाकर व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने बधाई देने आए लोगों से कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीते 10 वर्षों के कार्यकाल में हुए विकास व सुशासन पर अपनी सहमति जताते हुए उन्हें तीसरी बार देश की जनता की सेवा का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि इस तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी देश को विकास के उस शिखर पर पहुंचा देंगे, जहां विश्व स्तर पर लोग भारत का उदाहरण दिया करेंगे।

उन्होंने अपनी जीत पर कहा कि इतने कम समय में पीलीभीत के लोगों ने जो स्नेह, अपनापन दिया उसे आजीवन भुला नहीं पाऊंगा। उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर के लोगों ने इस चुनाव में अपने परिवार के सदस्य के रूप में रात-दिन लग कर उन्हें काफी बल दिया।

कहा कि अब पीलीभीत मेरी कर्मभूमि बन गई है। वहां की जनता की सेवा मेरा कर्तव्य है, उसे बखूबी निभाउंगा। साथ ही शाहजहांपुर मेरा घर है, यहां की जनता की सेवा में सदैव की भांति हर समय तत्पर रहूंगा। मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र ने बताया कि जितिन प्रसाद को उनके आवास पर बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से महापौर अर्चना वर्मा, विधायक चेतराम, नवनिर्वाचित विधायक अरविंद सिंह, एमएलसी सुधीर गुप्ता, पूर्व विधायक शरदवीर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, ब्लाक प्रमुख निगोही भानु प्रताप सिंह, बंडा ओमप्रकाश, मिर्जापुर प्रियांशु रघुवंशी, डीसीबीके पूर्व अध्यक्ष प्रदीप पांडेय आदि रहे।




# वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज ने लगाया नेत्र जांच शिविर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



लोगों की आंखों की जांच करते डॉ. तफीम।

- **75 ग्रामीणों ने कराया पंजीकरण, आठ लोगों में मिला मोतियाबिंद**

**अमृत विचारः** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से मिर्जापुर क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरियनपुर में निःशुल्क नेत्र रोग शिविर लगाया गया। जिसमें 75 ने पंजीकरण कराया, जिनमें आठ मरीजों में मोतियाबिंद मिला। चिन्हित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में कराया जाएगा।

शिविर में मरीजों को आई ड्रॉप एवं दवाइयां भी वितरित की गईं। इस मौके पर चिकित्सकों ने लोगों को नियमित नेत्र परीक्षण के लिए जागरूक किया तथा रोहिलखंड अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग के चिकित्सक डॉ. तफीम ने बताया कि रोहिलखंड अस्पताल में काला मोतियाबिंद की जांच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आंख के पर्दे की जांच व इलाज, मोतियाबिंद का ऑपरेशन चीरे विधि तथा फेको विधि द्वारा, भेंगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है, इसके अलावा कंप्यूटर द्वारा चश्मा के नंबर व प्रमाणीकरण व जांच की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में उपलब्ध है, जो कि एक वर्ष के लिए मान्य है। कैंप में टेक्नीशियन वसुधा यादव, पैरामेडिकल स्टाफ समेत मेडिकल कॉलेज के पीआरओ अतुल गंगवार आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार करने को वाहन रवाना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



राष्ट्रीय लोक अदालत प्रचार वाहन को रवाना करते जनपद न्यायाधीश भानुदेव शर्मा।

- **13 जुलाई को लगेगी अदालत जनवद न्यायाधीश ने वाहन को झंडी दिखाकर किया रवाना**

**अमृत विचारः** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार 13 जुलाई को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए बुधवार को वाहन रवाना किया गया। जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण अध्यक्ष भानु देव शर्मा वाहन को झंडी दिखाकर तहसील सदर क्षेत्र में प्रचार-प्रसार के लिए रवाना किया। इस अवसर पर प्राधिकरण सचिव पीयूष तिवारी ने बताया कि वाहन का मुख्य उद्देश्य 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति लोगों को जागरूक करना है, ताकि लोग लोक अदालत का लाभ उठा सकें। प्रचार-प्रसार वाहन पूरे जनपद में भेजा जाएगा। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय के सुनील कुमार श्रीवास्तव, अपर जिला जज सुदीप कुमार जायसवाल, गरिमा सिंह, अभय प्रताप सिंह, नेहा आनंद, चंद्र मोहन चतुर्वेदी, पंकज कुमार श्रीवास्तव, ओम प्रकाश मिश्रा, अपर्णा त्रिपाठी, लवी यादव आदि न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे

## नौ पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव पनवाड़ी निवासी जूली ने बताया कि उसकी शादी दो साल पहले अतुल तिवारी निवासी जमालपुर थाना रोजा के साथ हुई थी। उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। लेकिन ससुराल वाले दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे। बुलेट की मांग कर रहे थे। जूली के मना करने पर 18 मई को ससुराल वालों ने मारा पीटा और घर से निकाल दिया। वह मायके में रह रही है।

पुलिस ने आरोपी पति अतुल, रोहित, अनीता, अनुज, गुंजन समेत नौ लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस विवेचना कर रही है।




# क्रिकेट टूर्नामेंट: कीलापुर ने अस्तोली को 24 रनों से हराया

संवाददाता, मिर्जापुर



कीलापुर के रोहित को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी देते आयोजक।

- **रोहित को मिली मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी**

**अमृत विचारः** मिर्जापुर के हरिहरपुर में चल रहे एचपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को कीलापुर व अस्तोली के बीच मैच खेला गया।

कीलापुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर मे 107 रन बनाए। जवाब में उतरी अस्तोली की टीम 10 ओवर में 8 विकेट पर 61 रन ही बना सकी। गुरुवार को शेरपुर कुर्रिया व दमुलिया के बीच खेला जाएगा। शानदार प्रदर्शन करने के लिए कीलापुर टीम के रोहित को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई। दोनों ही टीमों के खिलाडि़यों ने जीत के लिए अंतिम समय तक दमखम लगाया। इस दौरान अनुराग यादव , ललित कुमार , रूचित , मधुर , यशपाल सिंह , वीकेश, सोहित, रीतेश , ब्रजेश आदि मौजूद रहे।

**आज होगा क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मैच**

**पुवायां।** गांव सुनारा बुजुर्ग में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का आज सेमीफाइनल मैच वितौनी व सुपर आमडार के बीच खेला जाएगा। इस मैच में शुरू से ही वितौनी टीम के बल्लेबाज शानदार प्रदर्शन कर रहे है उधर आमडार सुपर के गेंदबाजों की गेंदबाजी में धार देखने को मिल रही है। यह मुकाबला बहुत ही रोमांचक होने वाला है। आज का मुकाबला जो टीम जीतेगी वह टीम फाइनल मैच में पहुंच जाएगी।

## मादक पदार्थ की तस्करी में दो गिरफ्तार

**शाहजहांपुर/कलान, अमृत विचारः** थाना कलान पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों की कार में तलाशी लेने पर भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद हुआ है। प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चन्द के नेतृत्व में बुधवार को भ्रमण पर निकली पुलिस टीम को मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि शेरपुर कुर्रिया चौराहे के पास बने यात्री शेड के पास से गांव चौराबगर खेत निवासी अरविंद और घिरौला पश्चिमी निवासी रवि कुमार लग्जरी कार के साथ खड़े हैं। सूचना के आधार पर करीब11: 45 बजे दोनों को पकड़ लिया। कार की तलाशी लेने पर उसमें से 12 किलो 900 ग्राम डोडा पोस्ता के छिलके व डोडी(मादक पदार्थ) बरामद किया। अभियुक्तों के विरुद्ध एनडीपीएस व आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।



गिरफ्त में आरोपी।

